तुरत

कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009
दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सं. O&M/6867/CGDA Insp/Vol-I दिनांक : 30-05.2023

सेवा में,

रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद के अधीन
सभी उप-कार्यालयों के प्रमुख ।
सभी ग्रूप अधिकारी/वरिष्ठ लेखा अधिकारी/लेखा अधिकारी ।

विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक निरीक्षण दल द्वारा 10 जुलाई 2023 से 21 जुलाई, 2023 तक र.ले.नि., सिकंदराबाद के कार्यालय के निरीक्षण के संबंध में ।

@@@@@

मुख्यालय कार्यालय के दिनांक 24 मई, 2023 के पत्रांक 13125/Insp.Cell.Prog/2023-2024 के द्वारा यह सूचित किया गया है कि रक्षा लेखा महानियंत्रक निरीक्षण दल द्वारा दिनांक 10.07.2023 से 21.07.2023 तक र.ले.नि., सिकंदराबाद के कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा । रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक दिनांक 21.07.2023 को निरीक्षण की समीक्षा करेंगे । इस संबंध में, इसके साथ संलग्न दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए ।

2. मुख्यालय कार्यालय द्वारा क्षेत्रीय नियंत्रक कार्यलयों के लिए प्रश्नावली प्रारूप के रूप में निर्धारित (संशोधित) निरीक्षण ड्रिल की एक सोफ्ट कॉपी रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद की वेबसाइट पर अपलोड की गई है । सभी अनुभागों द्वारा संबंधित निरीक्षण ड्रिल को पूरा करके ग्रूप अधिकारी द्वारा अनुमोदन के उपरांत दिनांक 02.06.2023 तक इस अनुभाग को प्रस्तुत किया जाए ताकि अनुपालन रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत की जा सके । अनुभाग के सभी लेखा परीक्षा योग्य रजिस्टरों/दस्तावेजों को परम अग्रता प्रदान करके अद्यतन बनाएं एवं निरीक्षण के लिए तैयार रखें ।

3. कृपया इस कार्यालय के दिनांक 25.05.2023 के पत्र का संदर्भ लें जिसमें यह अनुरोध किया गया है कि स्थानीय मोनिटरिंग मामलों में उठायी गई आपत्तियों/ की गई कार्रवाई की वर्तमान स्थिति अवगत कराई जाए। संबंधित अनुभागों के स्थानीय मोनिटरिंग मामलों की अनुपालन रिपोर्ट अनुभाग के ग्रूप अधिकारी के अनुमोदन के उपरांत दिनांक 2 जून, 2023 तक इस अनुभाग को अनिवार्य रूप से भेज दें।

4. इस संबंध में रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने अनुभाग के मुख्य प्रकार्यों, बाधाएं/उपलब्धियों, कार्य की स्थिति इत्यादि पर एक पावर पांइट प्रस्तुतीकरण यथाशीघ्र तैयार करके दिनांक 06.06.2 023 तक इस अनुभग को प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया है । यह ध्यान रखा जाए कि PPT की समीक्षा नोडल अधिकारी द्वारा की जाएगी ।

5. निरीक्षण की अवधि के दौरान, निरीक्षण दल द्वारा उप-कार्यालयों का दौरा या उप-कार्यालयों से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है । अतः यह अनुरोध है कि रक्षा लेखा महानियंत्रक द्वारा निरीक्षण के लिए इस दिशा में भी पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए।

निखिल दुबे

(निखिल दुबे, भा.र.ले.से)
ग्रूप अधिकारी(सं.एवं प.)